प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 26.06.2024

- ❖ **जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे 'जागते रहो अभियान' के तहत अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही जारी।**
- ❖ **थाना डेरापुर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त को चोरी की मोटर साइकिल सहित किया गया, गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे **'जागते रहो अभियान'** के क्रम में, थाना डेरापुर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त **ओमी कटियार पुत्र नरेंद्र कटियार निवासी निम्दापुर, थाना डेरापुर, जनपद कानपुर देहात हाल पता कस्बा मुंगीसापुर, थाना डेरापुर, जनपद कानपुर देहात** को दिनांक 25.06.2024 को समय 20.00 बजे, चोरी की मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स जिस पर **कूटरचित नम्बर UP 32 JE 6880** डाला गया है, सहित गिरफ्तार किया गया तथा एक अभियुक्त सुनील कटियार भागने में सफल रहा, जिसकी तलाश हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना डेरापुर पर मु0अ0सं0 0107/2024 धारा 411/483 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त ओमी कटियार ने पूछने पर बताया कि हमने यह बाइक लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व चौबेपुर थाना क्षेत्र के रौतापुर बंबा के पास से चोरी की थी। अभियुक्त द्वारा इस बाइक पर अपने सह अभियुक्त सुनील कटियार के भाई राजेंद्र प्रसाद की मोटरसाइकिल का नंबर डालकर प्रयोग की जा रही थी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

ओमी कटियार पुत्र नरेंद्र कटियार निवासी निम्दापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात। हाल पता कस्बा मुंगीसापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स

अभियुक्त ओमी उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 125/2023 धारा 411/414 भा0द0वि0 थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0 107/2024 धारा 411/483 भा0द0वि0 थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री राहुल कुमार चौकी प्रभारी मुंगीसापुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।

2.हे0का0 139 रमेश कुमार थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात।